तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 17 अगस्त 2026

14 सांस्कृतिक स्पर्धाओं में आत्मानंद, आनंद पब्लिक स्कूल रहे...

13 रिमझिम बारिश के बीच गूंजे देशभक्ति के...

खबर संक्षेप

सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

डौंडीलोहारा। नगर से राजनांदगांव मुख्य मार्ग पर ग्राम कापसी के पास शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात अज्ञात वाहन की टक्कर से 75 वर्षीय बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि मृतक के हाथ-पैर शरीर से अलग हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने रात्रि में ही शव को डौंडीलोहारा स्थित मर्चुरी में रखवा दिया था। रविवार सुबह मृतक की शिनाख्त ग्राम परसुली निवासी सुखनंदन सिंह राजपूत (75) के रूप में हुई। संजारी चौकी प्रभारी अजीत महोबिया ने बताया कि सुखनंदन सिंह राजपूत अपने भतीजे खिलेंद्र राजपूत के साथ ग्राम परसुली में रहते थे। वे मानसिक रूप से कुछ कमजोर थे। किसी कार्य से ग्राम कापसी आए हुए थे। आशंका है कि शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात करीब 12 से 1 बजे के बीच वे पैदल अपने गृहग्राम लौट रहे थे, तभी मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को मर्चुरी में रखवाया। सुबह परिजनों की मौजूदगी में शव की शिनाख्त की गई। पोस्टमार्टम सहित आवश्यक कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस अज्ञात वाहन और चालक की तलाश में जुटी हुई है।

धनोरा में आज निकलेगी डांक कांवर यात्रा

अंडा। बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में हर साल की भांति इस वर्ष भी धुमधाम डाक कांवड़ यात्रा मनाया जाएगा। 17 अगस्त सुबह 6 बजे सभी भक्तों महावीर उद्यान में इकट्ठा होकर शिवनाथ नदी जाएंगे फीर महमरा घाट पहुंच कर शिवनाथ नदी में स्नान करके नदी किनारे स्थापित भगवान शिव जी का सभी भक्तगण मिल कर पुजा पाठ करके शिवनाथ नदी से जल लेकर दौड़ते हुए गंजपारा, कचहरी चौक, जेल चौक, महाराजा चौक से सांई मंगलम बोरसी होते गोल्ड चौक से मेन गली बाजार चौक से महावीर उद्यान पहुंचकर भुत भावन भोलेनाथ को जल अर्पित करेंगे। सभी भक्तों के हांथ में केशर इया रंग के झंडा लिए हांथ में शिव जी के जयकारे लगाते हुए हुए पहुंचेगे। दोपहर 12 बजे से रुद्राभिषेक पुजा पाठ विद्वान पंडित द्वारा एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित रहेगे। दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा, विनोद कुमार साहू, राजू यादव, मनसुखा साहू, मनोज पटेल, मुनना गंधर्व, सुनील पेटर, वासुदेव स्प्रे, पूर्व उपसरपंच कुंभकरण पटेल, एम लाल, लाल देवांगन, कल्याण देवांगन ने सभी भक्तों से अपील की है कि इस डांक कांवड़ यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपने जीवन को कृतार्थ करें यह जानकारी दरबार प्रति निधी नंद पंडा एवं कुंज लाल साहू ने दी।

सुबह से आसमान में छाए रहे बादल, दिनभर रुक-रुककर होती रही बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

खेतों में पर्याप्त पानी पहुंचने से धान सहित अन्य खरीफ फसलों को फायदा मिलने की उम्मीद

नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में रविवार को सुबह से शाम तक मौसम का मिजाज बदला रहा। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे और रुक-रुककर हल्की से लेकर तेज बारिश होती रही।

कुछ समय बारिश थमने के बाद दोबारा बारिश शुरू हो जाती रही। दिनभर हुई बारिश के चलते मौसम सुहाना रहा और लोगों को उमस व गर्मी से राहत मिली। मौसम में आए बदलाव का प्रमुख कारण मानसून की सक्रियता के साथ मध्य भारत में बनी मौसम प्रणाली को माना जा रहा है। बंगाल की खाड़ी से लगातार नमी आने तथा मानसून द्रोणिका के प्रभाव के चलते छत्तीसगढ़ में बारिश के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं। इसी के प्रभाव से जिले सहित डौंडीलोहारा क्षेत्र में भी बारिश का दौर देखने को मिल रहा है। रविवार को कभी हल्की तो कभी तेज बारिश होने से जनजीवन भी प्रभावित रहा। बाजारों और मुख्य मार्गों पर लोगों की आवाजाही अपेक्षाकृत कम दिखाई दी। ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश के कारण कच्चे रास्तों पर कीचड़ की स्थिति बनने लगी है। वहीं खेतों में पर्याप्त पानी पहुंचने से धान सहित अन्य खरीफ फसलों को बारिश से फायदा मिलने की उम्मीद है।

निचले इलाकों में जलभराव की भी संभावना

किसानों के अनुसार वर्तमान समय में फसलों के लिए बारिश काफी उपयोगी है, लेकिन लगातार तेज बारिश होने पर खेतों में पानी भरने की स्थिति बन सकती है। निचले इलाकों में जलभराव की भी संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी दिनों में भी छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। क्षेत्र में रविवार शाम तक आसमान में घने बादल छाए रहे और रुक-रुककर बारिश होती रही। इससे आने वाले दिनों में भी मौसम के इसी तरह बने रहने की संभावना जताई जा रही है।

समारोह : कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र ने फहराया तिरंगा, ली परेड की सलामी

समारोह में शहीदों के परिवार को किया सम्मानित विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय बालोद में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्ष, उल्लास से मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव ने सुबह 09 बजे स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कलेटक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण के साथ परेड की सलामी ली।

इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्वतंत्रता दिवस संदेश का वाचन भी किया। इस दौरान मुख्य अतिथि गजेन्द्र यादव ने शांति के प्रतीक श्वेत कपोत और हर्षोल्लास के प्रतीक रंगबिरंगे गुब्बारे भी आसमान में छोड़े। जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह का शुभारंभ राष्ट्रगीत वंदेमातरम् के सुमधुर सामूहिक गायन के माध्यम से किया गया। आयोजित समारोह में संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, पूर्व विधायक वीरेन्द्र साहू एवं प्रीतम साहू, नगर पालिका बालोद के उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, पवन साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और नागरिक उपस्थित थे। **आकर्षक मार्चपास्ट, हर्षफायर और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां:** समारोह में स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा परेड में शामिल सशस्त्र बल, पुलिस बल के जवानों तथा स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट एवं हर्षफायर, राष्ट्रपति ▶▶| शेष पेज 12 पर

सांस्कृतिक कार्यक्रम के परिणाम

समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम और परेड में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को भी सम्मानित किया गया। इसके अंतर्गत परेड सीनियर में जिला पुलिस बल पुरूष को प्रथम स्थान एवं नगर सेना महिला को द्वितीय स्थान तथा जिला पुलिस बल महिला को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह परेड जुनियर के अंतर्गत एनसीसी ब्लेज एकेडमी उमरादाह को प्रथम स्थान, एनसीसी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद को द्वितीय स्थान एवं गाइड शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालोद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। समारोह में अतिथियों के द्वारा उत्कृष्ट परेड का संचालन करने के लिए परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा एवं परेड टू आईसी प्रशिक्षु सुबेदार दीपक कुमार को भी सम्मानित किया गया। इसी तरह सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बालोद को प्रथम स्थान, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद को द्वितीय स्थान एवं सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालोद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

शराब पीने के विवाद में लकड़ी के पीढ़े से मां के सिर पर किया वार, बेटा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के डौंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घोठिया में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक कलयुगी बेटे ने अपनी ही जन्मदात्री मां की लकड़ी के पीढ़ा से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। वारदात की वजह मां के अत्यधिक शराब पीने को लेकर हुआ पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। डौंडी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान सुशीला बाई गावड़े (50 वर्ष) के रूप में हुई है।

- मां के अत्यधिक शराब पीने से नाराज था बेटा

शनिवार सुबह करीब 9 बजे सुशीला बाई अत्यधिक शराब के नशे में थी। इसी बात को लेकर उसका अपने बेटे लिकेश कुमार गावड़े से तीखा विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आपा खो चुके लिकेश ने पास ही पड़े भारी लकड़ी के पीढ़ा से अपनी मां के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने के कारण सुशीला बाई वहीं गिर पड़ी और मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई।

स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के बाद गांव में फैली सनसनी

घटना के समय गांव में स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम चल रहा था, जिसके चलते आसपास के लोग वहां एकत्र थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद जब ग्रामीणों को इस खौफनाक वारदात की जानकारी हुई, तो पूरे गांव में सनसनी फैल गई। दोपहर में घटना की सूचना तुरंत डौंडी थाना पुलिस को दी गई।

आरोपी गिरफ्तार, मर्चुरी में रखा गया शव

सूचना मिलते ही डौंडी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर आरोपी बेटे लिकेश कुमार गावड़े को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार देर शाम हो जाने के कारण शव को डौंडी स्थित मर्चुरी में सुरक्षित रखवाया गया था, जिसका रविवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

केबल चोर गिरोह फूटा, 7 गिरफ्तार में 4 नाबालिग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम भरदाखुर्द, कुरदी एवं सुखरी में केबल चोरी की घटनाओं में संलिप्त गिरोह का गुण्डरदेही पुलिस द्वारा पर्दाफाश किया गया। केबल चोरी करने वाले गिरोह के 07 आरोपी गिरफ्तार किए गए।

सभी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। गिरफ्तार आरोपियों मे 04 विधि से संघर्षरत बालक भी वारदात में शामिल थे जिन्हे नियमानुसार बाल न्यायालय भेजा गया। आरोपियों के कब्जे से 96.680 किलोग्राम चोरी की केबल वायर जिसकी कीमत लगभग 80,000 आंकी गई है बरामद किया गया। चोरी में प्रयुक्त पिकअप वाहन, मोटरसाइकिल एवं स्कूटी जप्त की गई। पड़ताल मे आरोपियों द्वारा पूर्व में भी केबल चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया गया। मामला थाना गुण्डरदेही क्षेत्र अंतर्गत प्राथऍ प्रीनेष कुमार साहू द्वारा 13 अगस्त को थाना गुण्डरदेही में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि ग्राम भरदाखुर्द स्थित टावर की जांच के दौरान ग्राम गुरेदा के पास संदिग्ध व्यक्तियों को टावर की केबल काटकर चोरी करते देखा गया। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर आरोपी स्कूटी एवं केबल वायर छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की पतासाजी प्रारंभ की गई। सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने घटना में प्रयुक्त स्कूटी एवं पिकअप वाहन की पहचान की।

पूछताछ एवं पतासाजी के दौरान गिरोह के अन्य सदस्यों तक पुलिस पहुंची। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि उनके द्वारा योजना बनाकर रेकी करने के बाद ग्राम भरदाखुर्द, कुरदी एवं सुखरी क्षेत्र में केबल चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने आरोपियो से 96.680 किलोग्राम चोरी की केबल वायर, पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 पीएम 2170, ▶▶| शेष पेज 12 पर

वार्ड 13 में सड़क खोदकर छोड़ी, बीमार पिता को अस्पताल ले जाने खुद पाटना पड़ा गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के संजय नगर वार्ड क्रमांक 13 में जल आवर्धन योजना के तहत चल रहा पाइपलाइन बिछाने का काम नगरवासियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है।

मार्च 2026 से शुरू हुआ कार्य पांच माह बीत जाने के बाद भी गति नहीं पकड़ पाया है। बताया जा रहा है कि अब तक महज करीब 500 मीटर पाइपलाइन का कार्य ही हो पाया है और वह भी पिछले करीब डेढ़ माह से अधूरा पड़ा हुआ है। सड़क किनारे खोदे गए गहरे गड्ढे, जगह-जगह बिखरे कंक्रीट के बड़े-बड़े बोल्डर और निकली हुई मिट्टी के कारण राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ ▶▶| शेष पेज 12 पर

ठेकेदार की उदासीनता पर आक्रोश उग्र आंदोलन की चेतावनी

नगरवासियों का कहना है कि पाइपलाइन का काम यदि समय पर पूरा नहीं किया जा रहा है तो कम से कम खोदे गए गड्ढों को सुरक्षित तरीके से पाटकर मार्ग को आवागमन योग्य बनाया जाना चाहिए। लेकिन जिम्मेदार ठेकेदार को बार-बार गुहार लगाने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। बारिश के मौसम में गड्ढों में पानी भरने से खतरा और बढ़ गया है। रात के समय राहगीरों के लिए यह स्थान और भी खतरनाक हो जाता है। नगरवासियों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि निर्माण कार्य के नाम पर सड़क खोदकर छोड़ दी गई है, लेकिन सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम ▶▶| शेष पेज 12 पर

ब्रह्माकुमारीज बालोद द्वारा 6 गांवों में चलाया गया नशामुक्ति अभियान

सकारात्मक सोच और राजयोग से आसानी से छूट सकता है नशा: बीके सरिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वाधान में संस्था की एक मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी, प्रकाशमणि के पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महा अभियान के तहत ग्राम तरौद, खेरथाडीह, अमलीडीह, मनोद, कोहंगाटोला एवं खुरसीपार में नशामुक्ति प्रतिज्ञा कराई गई।

बीके विजयलक्ष्मी के मार्गदर्शन एवं बीके. सरिता, बीके नेहा एवं बीके पूर्णिमा एवं बीके मनीष के प्रतिनिधित्व में यह कार्यक्रम सभी गाँवों में चलाया जा रहा है। बीके. सरिता ने नशे के प्रारम्भ, कारण, दुष्परिणाम एवं समाधान के विषय में बताते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यह समझता है कि नशे का आदि होने के बाद उससे बाहर निकलना असंभव है। किन्तु उससे बाहर निकलने के लिए यदि अच्छी आदतों को विकसित करना, सामाजिक क्रियाकलापों में भाग लेना, सकारात्मक चिन्तन करना एवं राजयोग मेडिटेशन के साथ आध्यात्मिक कार्यों में समय देने से आसानी से नशा छोड़ा जा सकता है। बीके नेहा ने कहा कि जिस प्रकार किसी दलदल से हम जितना निकलने की कोशिश करते हैं उतना और अंदर धंसते जाते हैं। किन्तु उसी समय कोई मजबूत सहारा मिल जाए तो उसे पकड़कर बाहर निकला जा सकता है। ठीक उसी प्रकार नशा रूपी दलदल से आध्यात्मिक ज्ञान एवं ईश्वर की याद रूपी सहारे से निकलना आसान हो जाता है। इसी विधि को राजयोग मेडिटेशन कहा जाता है जो ब्रह्माकुमारीज सेवाकेन्द्रों में निःशुल्क रूप से सिखाई जाती है।

20 अगस्त तक देशभर में चल रहा महाभियान

बीके मनीष ने कहा कि कोई भी व्यक्ति नशे को तभी अपनाता है जब मन कमजोर होता है। यदि मन को सशक्त बना लें तो व्यसन छोड़ना आसान हो जाता है। राजयोग की शिक्षा मन को शक्तिशाली बनाने का सर्वोत्तम साधन है। सभी व्यक्ति इस मेडिटेशन की विधि से नशे से मुक्ति पा सकते हैं। गौरतलब है कि यह नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महा अभियान, भारत सरकार एवं ब्रह्माकुमारीज के संयुक्त तत्वाधान में 4 अगस्त से 20 अगस्त 2026 तक पूरे भारत भर में चलाया जा रहा है। बालोद सेवा केन्द्र के भी यह कार्यक्रम विकासखंड के सभी उच्च प्राथमिक एवं उच्चतर विद्यालयों सहित सभी ग्राम पंचायतों में चलाया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से बीके. विजयलक्ष्मी के मार्गदर्शन में बीके. सरिता, बीके. पूर्णिमा, बीके. नेहा, भोपसिंह साहू, मनीष वैदे, पीआर. सुधाकर, ईश्वर लाल उईके, कमलेश साहू, जगदीश पटेल, भूआर्य, टिकेंद्र नाथ योगी, युवराज कौशिक, खिलावन साहू, मोहन सेन, गनेश विश्वकर्मा, भूषण गोयल, तरुण साहू ▶▶| शेष पेज 12 पर

ओटेबंद के श्री विष्णु धाम मंदिर पहुंचे देवरी के कांवड़िया, किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

ग्राम ओटेबंद स्थित श्री विष्णु धाम मंदिर में सावन माह के अवसर पर भगवान शिव की भक्ति का विशेष नजारा देखने को मिला। ग्राम देवरी से श्रद्धालुओं का बोल बम दल भगवान शिव को जल अर्पित करने के लिए ओटेबंद पहुंचा। बोल बम के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का विधि-विधान से जलाभिषेक किया और पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारे लगाए।

सावन माह में भगवान शिव की आराधना और जलाभिषेक का विशेष महत्व माना जाता है। इसी आस्था के साथ देवरी से आए बोल बम दल के श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भगवान शिव का जलाभिषेक कर अपनी धार्मिक आस्था प्रकट की। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में काफी उत्साह और उमंग देखने को मिला।

खबर संक्षेप

अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

गुण्डरदेही। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर जिला कार्यसमिति सदस्य सौरभ चोपड़ा ने गुण्डरदेही मे अटल परिसर पर जाकर उनके प्रतिमा पर पुष्प माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। उन्होने कहा कि अटल जी एक ऐसे देशभक्त राजनेता थे, जिन्होंने अपने जीवन का एक-एक क्षण देश सेवा को समर्पित कर दिया। एक ओर उन्होंने परमाणु परीक्षण व कारगिल युद्ध में पूरी दुनिया को भारत की शक्ति से परिचित करवाया, वहीं दूसरी ओर उनकी मूल्य–आधारित राजनीति ने पहली बार अन्त्योदय व सुशासन की कल्पना को ज़मीन पर उतारा। अटल जी का विराट व्यक्तित्व व नेतृत्व भाजपा के हर कार्यकर्ता को राष्ट्र निर्माण के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा।

मां बहादुर कलारिन कॉलेज में एनएसएस के 50 स्वयंसेवकों ने ली शपथ

गुरूर। मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरूर में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई के तत्वावधान में नशामुक्ति शपथ ग्रहण समारोह एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के साधकों द्वारा नशे के दुष्प्रभावों एवं नशामुक्त जीवन के महत्व पर व्याख्यान दिया गया। विद्यार्थियों को नशे से होने वाली शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक हानियों के बारे में जानकारी दी गई तथा नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस के 50 स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता की। सभी उपस्थित स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में अपना योगदान देने की सामूहिक शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी प्रो. मुरली कुमार सिन्हा, रामस्वरूप सिन्हा, अश्वनी कुमार साहू, उपासना, पामेश्वरी सेन, अमरिका सिन्हा, दीपिका निषाद, नरेंद्र कुमार खोबरागड़े, हुमनलाल जंजीर एवं राकेश पारकर सहित समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नशामुक्त जीवन, स्वस्थ समाज एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था।

दानीटोला में भारत एवं मारुति इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग ने मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस

ध्वजारोहण के बाद छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों और कविताओं के जरिए दी शहीदों को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत एवं मारुति इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग दानीटोला में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय भावना से ओत–प्रोत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दोनों संस्थानों के छात्र–छात्राओं, प्राचार्यों एवं शिक्षकगण ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। तिरंगा फहराते ही पूरा परिसर देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। छात्र-छात्राओं ने भारत माता की जय, वंदे मातरम् एवं जय हिंद के नारों के साथ देश के वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न देशभक्ति गीत, भाषण, कविता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के संघर्ष, वीर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान तथा देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकगण ने देश की प्रगति, शांति एवं समृद्धि के लिए संकल्प लिया। पूरे परिसर में तिरंगे के रंगों और देशभक्ति के उत्साह से वातावरण गौरव एवं राष्ट्रप्रेम से भर गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए एक मजबूत, स्वस्थ, शिक्षित एवं विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

स्वास्थ्य सेवा भी राष्ट्र सेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा

नर्सिंग विद्यार्थियों ने कहा कि स्वतंत्रता केवल अधिकारों का नाम नहीं, बल्कि देश के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने और उन्हें जिम्मेदारीपूर्वक निभाने का अवसर भी है। एक स्वास्थ्यकर्मी के रूप में समाज एवं राष्ट्र की सेवा करना भी देश सेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस अवसर पर मारुति इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या डॉ. सिजो कोशी एवं भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य प्रोफेसर डेनियल दीपक मसीह ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को देश की एकता, अखंडता एवं संविधान के मूल्यों का सम्मान करने तथा ईमानदारी, अनुशासन एवं सेवा भावना के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

गुण्डरदेही में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

बालोद/कलंगपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुण्डरदेही में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस को बड़े ही उमंग उल्लास और देशभक्ति की भावनाओं से प्रेरित होकर मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन थे।

विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक गुण्डरदेही राजेन्द्र कुमार राय, एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा, उपाध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही विजय सोनकर, पूर्व नगर पंचायत रानू हेमंत सोनकर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजू चंद्राकर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष कोमल सोनकर, अश्वनी यादव, नगर पंचायत गुण्डरदेही के पार्षद गण, तहसीलदार हनुमंत श्याम, सीईओ नगर पंचायत एवं जनपद पंचायत गुण्डरदेही, नायब तहसीलदार, प्राचार्य सेजेश त्रिनाभ मिश्रा, प्राचार्य गुण्डरदेही के एस कुल्हारे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी, गणमान्य नागरिक, विद्याथीगण उपस्थित थे। मुख्य अतिथि प्रमोद जैन ने मुख्यमंत्री का संदेश वाचन करते हुए उपस्थित जनसमुदाय को नगर के विकास के लिए आश्वस्त करते हुए स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दिए, ध्वजारोहण पश्चात, सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वामी आत्मानंद विद्यालय, पीएम श्री, कन्या मिडिल स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूलों के बच्चों द्वारा देशभक्त, छत्तीश गढ़ वंदना, लोकगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को विकासखंड शिक्षाधिकारी श्रद्धा ठाकुर द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए, आभार प्रदर्शन एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा ने किया, कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी संजय शुक्ला राष्ट्रीय सेवा योजना और केएस कुल्हारे प्राचार्य गुण्डरदेही ने किया।

सतीश साहू ने किया ध्वजारोहण

गुण्डरदेही। माता कर्मा कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय गुण्डरदेही में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता सतीश साहू ने झंडा फहराकर कार्यक्रम को शुभारंभ किया और तत्पश्चात महाविद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। इस अवसर पर प्राचार्य एमएल देशमुख, सहायक प्राध्यापक किरण साहू, नम्रता चंद्राकर कार्यालय प्रभारी नीलकंठ सिन्हा, हेमंत साहू पूनम जांगड़े, सहायक प्राध्यापक घनश्याम साहू सहित समस्त स्टाफ उपस्थित थे। तत्पश्चात साहू शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर में आयोजित परेड की सलामी ली एवं कार्यक्रम को संबोधित किया। साहू ने कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में स्थान बनाने के लिए अग्रसर है, इसके लिए हम सबको आगे बढ़कर प्रयास करना होगा किसानों के आमदनी बढ़ाना प्रमुख प्राथमिकता की श्रेणी में रहेगी किसान अब अन्न उत्पादक ही नहीं ऊर्जा प्रदाता भी बनेंगे उनके द्वारा उत्पादित अनाज आने वाले समय में ई 85 और ई 100 तक बनकर पेट्रोल का मजबूत विकल्प बनेगा जिससे देश को 120–140 अरब डॉलर, कच्चे तेल खरीदने में खर्च आता है उससे मुक्ति मिलेगी और देश संपन्न राष्ट्र के श्रेणी में खड़ा होगा। साहू ने कहा की छत्तीसगढ़ नक्सली मुक्त हो चुका है आने वाला समय में देश के अन्य राज्यों में जो अलग़वादी ताकते हैं उनका भी खत्मा होगा तब सही मायने में राष्ट्र तेजी से विकास करेगा।

राष्ट्रगान समिति ने अटल चौक में किया ध्वजारोहण

डौंडीलोहारा। राष्ट्रगान समिति डौंडी लोहारा के तत्वावधान में पुराना बस स्टैंड स्थित अटल चौक, काली मंदिर के समीप विगत वर्षों की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी 80वें ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम एवं देशभक्ति मय वातावरण में शिव महापुराण कथा वाचक यज्ञाचार्य पंडित प्रकाश शास्त्री (धनोरा-भाटागांव) तथा उपाचार्य आचार्य पंडित रोहित शास्त्री महाराज (कवर्धा) द्वारा ध्वजारोहण किया गया।इस अवसर पर विधायक डौंडी लोहारा अनिला भेड़िया, नगर अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, पूर्व पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, पूर्व जनपद सदस्य होरीलाल रावटे, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, मोहन निषाद, जसराज शर्मा (भाजपा), कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार प्रभाकर, पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष भोलाराम देशमुख, विधायक प्रतिनिधि गोविंद चंद्राकर, अनिल लोढ़ा, हस्तीमल सांखला, डौंडी लोहारा के एल्डरमैन धीरेंद्र टाक, गोपाल प्रजापति, विकास लोढ़ा, लोकेश यादव, फरीद सिद्धकी एवं डोमेन्द्र कुमार साहसी उपस्थित रहे।राष्ट्रगान समिति की ओर से धर्मेंद्र निषाद, भगवानी निषाद, प्यारेलाल निषाद, मोहन निषाद, दिलीप गुजराती, दिलीप बाफना, संदीप भंसाली, धन्नू यादव, गिरधारी कोसमा, महेंद्र जायसवाल एवं धर्मेंद्र नायक सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त गणमान्य नागरिकों में सौरभ सिन्हा, गुलाब भंसाली, उत्तम मालेकर, प्रकाश शर्मा, सुमित शर्मा, राजू महाराज, राकेश सांखला (पार्षद), किशोर दीवान (पार्षद), राजेंद्र निषाद (पार्षद), वीर सिंह (पार्षद), संदीप भंसाली, बलदाऊ, ओमप्रकाश, हेमलाल सिन्हा, मयंक जायसवाल, सुमित शर्मा, लोकेश निषाद (शिक्षक), रवि साहू, कौशल, लक्की भंसाली, अशोक सिन्हा, देवब्रत देवांगन, ललित मरई, बिमला ठाकुर, संजय गुप्ता एवं गुलाब भंसाली सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगान समिति के सदस्यों एवं उपस्थित नागरिकों ने राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान व्यक्त किया। अटल चौक में आयोजित इस कार्यक्रम में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में प्यारेलाल निषाद ने सभी उपस्थित अतिथियों, गणमान्य नागरिकों, समिति सदस्यों एवं नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रगान समिति का गठन वर्ष 2018 में हुआ था। समिति के गठन के बाद से ही प्यारेलाल निषाद कार्यक्रम के आयोजन में लगातार सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। वे प्रत्येक वर्ष कार्यक्रम की व्यवस्थाओं और आयोजन की जिम्मेदारियों को पूरी सक्रियता एवं अनुशासन के साथ निभाते रहे हैं। इस वर्ष भी उन्होंने कार्यक्रम को अंतिम समय तक व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके इस निरंतर योगदान के लिए समिति की ओर से उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई।

निधन

शेख मलूल सिद्दीकी

डौंडीलोहारा। नगर के वार्ड 02 मस्जिद चौक निवासी रिटायर्ड शिक्षक शेख मलूल सिद्दीकी का इंतेक़ाल हो गया। वे शेख फ़रीद सिद्दीकी, शेख मोईद सिद्दीकी, शेख सईद सिद्दीकी, शेख फईम सिद्दीकी व शेख नईम सिद्दीकी के वालिद थे। जिनका अंतिम संस्कार नगर के कब्रिस्तान में रविवार को किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में परिवार जन व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

जंगल में शिकार के लिए फंदा व जाल लगाते एक आरोपी गिरफ्तार

दल्ली राजहरा। वन्यप्राणियों के अवैध शिकार के खिलाफ वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को जंगल में शिकार के लिए जाल और फंदा लगाते हुए पकड़ा है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर डौण्डी एवं दल्ली राजहरा वन परिक्षेत्र की टीम ने संयुक्त रूप से जंगल में गहन गश्त एवं तलाश अभियान चलाया। इसी दौरान सहायक वृत्त आमाडुला के परिसर चिहरों के कक्ष क्रमांक 126 आर.एफ. में एक व्यक्ति को संदिग्ध गतिविधि में पकड़ा गया। वन विभाग के अनुसार गश्ती दल को सूचना मिली थी कि जंगल क्षेत्र में वन्यप्राणी के अवैध शिकार की तैयारी की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए वन अमले ने संभावित क्षेत्र में दबिश एवं सघन तलाशी शुरू की। तलाशी के दौरान सुधु राम पिता ऐतवारू राम आचला को जंगल में अवैध शिकार के उद्देश्य से जाल एवं फंदा लगाते हुए पकड़ा गया। कार्रवाई के दौरान वन अमले ने आरोपी के कब्जे से शिकार में इस्तेमाल किए जाने वाले फंदे, जाल, गुलेल सहित अन्य सामग्री जब्त की है। वन विभाग की इस कार्रवाई से जंगल में वन्यप्राणियों के अवैध शिकार की कोशिश का खुलासा हुआ है। वन विभाग ने जब्त सामग्री को प्रकरण में शामिल करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

वन अपराध प्रकरण दर्ज, पुलिस अभिरक्षा में आरोपी

वन विभाग ने मामले में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20478/15, दिनांक 15 अगस्त 2026 दर्ज किया है। प्रकरण में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में थाना डौण्डी में रखा गया है। वन विभाग द्वारा आरोपी के विरुद्ध वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 एवं भारतीय वन अधिनियम, 1927 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है।

दल्लीराजहरा में सीटू कार्यालय पर फहराया गया तिरंगा

आजादी, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा हमारा सबसे बड़ा धर्म : सीटू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

राष्ट्र के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हिन्दुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन-सीटू के प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति और उत्साह के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खदान श्रमिकों, महिला सदस्यों और बच्चों ने सहभागिता की। पूरे परिसर में देशभक्ति का उत्साह दिखाई दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक रूप से वंदे मातरम् के गायन से हुआ। इसके बाद यूनियन अध्यक्ष कॉमरेड ज्ञानेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के साथ ही उपस्थित लोगों ने राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। समारोह के दौरान देशभक्ति गीतों की गूंज के बीच उपस्थित सदस्यों में उत्साह और जोश बना रहा। बाद में मिष्ठान्न वितरण किया गया। सभा को संबोधित करते हुए यूनियन अध्यक्ष कॉमरेड ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि लाखों वीर शहीदों के त्याग और बलिदान से मिली आजादी देश की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने कहा कि संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था देश की एकता और मजबूती की आधारशिला हैं। वर्तमान दौर की चुनौतियों के बीच आजादी, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का सबसे बड़ा धर्म और कर्म है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता केवल अधिकारों का विषय नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों का भी बोध कराती है। देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता को मजबूत बनाए रखने में श्रमिक वर्ग की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रही है और भविष्य में भी श्रमिक वर्ग अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाता रहेगा।

आजादी और संविधान की रक्षा ही सबसे बड़ा कर्तव्य : कॉमरेड ज्ञानेंद्र सिंह

यूनियन सचिव कॉमरेड पुरुषोत्तम सिमैया ने कहा कि पिछले 80 वर्षों में देश ने लोकतांत्रिक व्यवस्था की ताकत के बल पर अनेक उतार-चढ़ाव का सामना करते हुए विकास की नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां देश की क्षमता और आत्मविश्वास का प्रमाण हैं।

उन्होंने 1971 के युद्ध में भारतीय सेना के शौर्य और साहस का उल्लेख करते हुए कहा कि देश की वीर सेनाओं ने अदम्य पराक्रम का परिचय देते हुए इतिहास में गौरवपूर्ण अध्याय जोड़ा। भारत की गंगा-जमुनी तहजीब, सामाजिक समरसता और विविधता में एकता देश की सबसे बड़ी ताकत है। कॉमरेड सिमैया ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र जैसे सार्वजनिक उपक्रमों ने देश के औद्योगिक विकास और आत्मनिर्भरता की नींव मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐसे सार्वजनिक उपक्रमों की रक्षा करना समारोह के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों और सदस्यों ने देश की संप्रभुता, संविधान, लोकतंत्र, श्रमिक एकता तथा सार्वजनिक क्षेत्र की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष और योगदान देने का संकल्प दोहराया। स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति और एकजुटता के संदेश के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर यूनियन के बड़ी संख्या में पदाधिकारी, सदस्य, खदान श्रमिक, महिला सदस्य और बच्चे उपस्थित रहे।

कनेरी में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

गुरूर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कनेरी में तिरंगा झण्डा फहराया गया, जहां बच्चो के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य शेष लाल साहू एवं समस्त स्टॉफ गण, शाला प्रबंध अध्यक्ष प्रतिमा साहू, जनार्दन सिन्हा, मिनेश्वरी चंद्रवंशी समस्त सदस्य, सरपंच दिनेश्वरी सिन्हा एवं पंचगण उपस्थित थे।

शिव चौक पर फहराया गया तिरंगा

गुरूर। स्वतंत्रता दिवस पर नगर पंचायत गुरूर के शिव चौक पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे नगरवासी उपस्थित हुए। ध्वजारोहण कार्यक्रम में नगरवासी सहित स्कूली, छात्र छात्रओं, महिला, पुरुष एवं अध्यक्ष ओबीसी महासभा ओमप्रकाश साहू, लोकेश्वर गंजीर, लेखराम, कमलेश, बृजलाल साहू, निलेश साहू, नुतन साहू, चंदू गांधी एल्डरमेन, पार्षद बिंदा यादव, नगर पंचायत गुरूर उपाध्यक्ष कुंती सिन्हा, विजय मगेद्रं, जितेंद्र साहू, मुरली चौधरी, सहित सभी नागरिक उपस्थित होकर वीर शहीदों महात्मा गाँधी, शहीद भगत सिंह, शहीद चंद्रशेखर आजाद, शहीद शंकर गुहा नियोगी एवं भारत माता की चित्रें पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर ध्वजारोहण किया गया।

उपतहसील में फहराया गया तिरंगा

जामगांव आर। उपतहसील जामगांव आर में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर के विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान के साथ ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त तहसीलदार ममता टावरी ने ध्वजारोहण किया। रीडर सिन्हा ने ध्वजारोहण के लिए सुव्यवस्था किया। इस अवसर पर नागरिक सहित पटवारी, कोटवार स्टॉफ उपस्थित थे।

ओटेबंद में सरपंच जीवन लाल ने किया ध्वजारोहण

अण्डा। ग्राम पंचायत ओटेबंद में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत परिसर में सरपंच जीवन लाल साहू ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति सम्मान और एकता का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपसरपंच पुखराज निर्मलकर, पंचायत के पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। सरपंच ने समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश की एकता, अखंडता और विकास में सभी की भागीदारी का आह्वान किया। ग्राम पंचायत ओटेबंद की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं।

पेज 11 के शेष

कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र ने फहराया ...

की जय का उद्घोष किया गया। इस अवसर पर मंत्री गजेन्द्र यादव ने जिले के शहीद जवानों के परिजनों को शॉल और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने जिला स्तर पर अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

केबल चोरी करने वाले ...

मोटरसाइकिल एक्सट्रीम क्रमांक सीजी 04 डीबी 3196, स्कूटी क्रमांक सीजी 07 बीएफ 4709 बरामद कर जप्त की गई। गिरफ्तार आरोपीयो में 07 आरोपियों को 15 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। घटना में शामिल 04 विधि से संघर्षरत बालकों की पहचान गोपनीय रखते हुए उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई कर बाल न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

वार्ड 13 में सड़क खोदकर ...

रहा है। हद तो तब हो गई, जब एक नगरवासी को अपने बीमार पिता को अस्पताल ले जाने के लिए रास्ते में पड़े गड्ढे को स्वयं पाटना पड़ा। तस्वीर में भी नगरवासी अपने हाथों से गड्ढे को भरने का प्रयास करता दिखाई दे रहा है। यह दृश्य निर्माण एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करने के लिए काफी है। जिस रास्ते से रोजाना लोग आवागमन करते हैं, वहीं लंबे समय से खुले पड़े गड्ढे और बड़े-बड़े पत्थर दुर्घटना को न्योता दे रहे हैं।

ठेकेदार की उदासीनता पर ...

नहीं किए गए हैं। लोगों का कहना है कि क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही जिम्मेदारों की नींद खुलेगी? ठेकेदार की धीमी कार्यप्रणाली और जिम्मेदार विभाग की कथित उदासीनता का खामियाजा आखिर आम जनता क्यों भुगते? नगरवासियों ने नगर पंचायत एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि मामले का तत्काल संज्ञान लेकर अधूरे कार्य को शीघ्र पूरा कराया जाए तथा जब तक काम पूरा नहीं होता, तब तक गड्ढों और सड़क पर पड़े बोल्डरों को हटाकर मार्ग को सुरक्षित बनाया जाए। लोगों का कहना है कि विकास कार्य जनता की सुविधा के लिए होते हैं, लेकिन यहां अधूरा निर्माण ही जनता के लिए मुसीबत बन गया है।

4 से 20 अगस्त तक ...

, धीरेंद्र देवांगन, श्रवण साहू, कुलपत साहू, चिमन साहू, चेतन सोनवानी, श्रद्धा सोनवानी, चंद्रिका साहू, तरुण साहू, कमलेश साहू, गोपी भाई, रोहिणी साहू, हेमीन गोयल, चित्ररेखा चंद्राकर, प्रीति पटेल, दीपा शर्मा, डोमेश्वरी, मोनिका कौशिक, पलक, प्रमुख रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

खबर संक्षेप

किल्लेकोड़ा में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

डौंडीलोहारा। वनांचल क्षेत्र स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोडा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला किल्लेकोडा के संयुक्त तत्वावधान में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालयों में ध्वजारोहण के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।कार्यक्रम के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य अजय मुखर्जी, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में प्रधान पाठक एनआर शिवना तथा शासकीय प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक अनीता मेश्राम ने ग्रामीणों, विद्यार्थियों एवं विद्यालयीन स्टाफ की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात बैंड-बाजे की धुन, राष्ट्रीय गीत एवं देशभक्ति नारों के साथ विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों की टोली ने गांव के विभिन्न चौक-चौराहों से होकर तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा पंचायत भवन पहुंची, जहां सरपंच हेमलता विश्वकर्मा ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद टोली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची, जहां दुर्गा यादव ने ध्वजारोहण किया। कुआं चौक होते हुए यात्रा चौपाल चौक पहुंची, जहां जोधन पटेल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात तिरंगा यात्रा महात्मा गांधी चौक पहुंची। यहां जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम एवं सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मचारी रूप सिंह भुआर्य ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना कर ध्वजारोहण किया। इस दौरान देशभक्ति नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। तिरंगा यात्रा का संचालन डॉ. बी.एल. साहसी ने किया। आयोजन में विद्यालयों के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। अत्यधिक बारिश के कारण निर्धारित सांस्कृतिक कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया।

चांदनी और पूजा का प्रयास में चयन

कुकरेल(धमतरी)। प्राथमिक शाला देवगांव की चांदनी कंवर और पूजा नागवंशी का कक्षा 9 वीं में प्रयास विद्यालय दुर्ग के लिए चयन हुआ है।

पर्व : 47 यूनिट रक्तदान व 50 महिलाओं की जांच, रक्तदाताओं को मिला हेलमेट

रिमझिम बारिश के बीच गूंजे देशभक्ति के स्वर, साहू समाज ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

रिमझिम बारिश के बीच देशभक्ति के नारों और लहराते तिरंगे के साथ तहसील साहू संघ दल्ली राजहरा ने 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया। आयोजन में राष्ट्रभक्ति के साथ सामाजिक एकता, शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवा का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान रक्तदान शिविर, महिला स्वास्थ्य परीक्षण शिविर तथा प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा मंदिर में तहसील साहू संघ अध्यक्ष शीतल साहू द्वारा ध्वजारोहण से हुई। इसके बाद साहू सदन, नए बस स्टैंड के पास आयोजित मुख्य कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी डौंडी सुरेश कुमार साहू और तहसील साहू संघ अध्यक्ष शीतल साहू ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद समाज की मातृशक्तियों ने माता कर्मा की आरती की।

- रिमझिम बारिश के बीच गूंजे देशभक्ति के स्वर, साहू समाज ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

एकता ही देश और समाज की सबसे बड़ी ताकत : शीतल साहू

तहसील साहू संघ अध्यक्ष शीतल साहू ने कहा कि देश और समाज की अखंडता बनाए रखने के लिए सामंजस्य, भाईचारा और एकता बेहद जरूरी है। आजादी के लिए देशवासियों ने लंबे संघर्ष और अनगिनत बलिदानों के बाद स्वतंत्रता हासिल की। खुदीराम बोस, रानी लक्ष्मीबाई, चंद्रशेखर आजाद और लोकमान्य तिलक सहित असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना सर्वस्व

देश के लिए न्योछावर किया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भी हमारी जिम्मेदारी खत्म नहीं हुई है। जाति, पार्टी और ऊंच-नीच के भेद से ऊपर उठकर देश और समाज की एकता को मजबूत करना होगा। युवा पीढ़ी को संस्कार और संस्कृति से जोड़ना आज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। यदि समाज बंटा रहेगा तो बाहरी ताकतों को कमजोर करने का अवसर मिलेगा। इसलिए एकजुट होकर देश और समाज को मजबूत बनाना होगा।

युवा ही राष्ट्र की असली ताकत : सुरेश साहू: मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी सुरेश कुमार साहू ने रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के आयोजन के लिए तहसील साहू संघ की टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की मजबूती में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। जिस देश का युवा अपनी संस्कृति, एकता और राष्ट्र की रक्षा के लिए आगे आता है, वह देश निरंतर प्रगति करता है। उन्होंने कहा कि युवा टीम ने रक्तदान जैसे महादान के माध्यम से समाजसेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। ऐसे आयोजन समाज में सेवा, संवेदना और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं।

47 यूनिट रक्तदान, 50 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में रक्तदान शिविर और महिला स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुरेश कुमार साहू ने किया। शिविर में विभिन्न समाजों की महिलाओं और युवाओं ने भी भागीदारी निभाई। कुल 47 यूनिट रक्तदान हुआ। रक्तदाताओं को सड़क सुरक्षा प्रमाण पत्र और हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। महिला स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में महिला विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा 50 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वहीं मशीन के माध्यम से 60 लोगों की अनुवांशिक जांच भी की गई। तहसील साहू संघ के सचिव राजेश कुमार साहू ने भी रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि यह उनका 12वां रक्तदान है।

डोंडी अंचल में देशभक्ति के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

डोडी। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रत दिवस के अवसर पर आदिवासी अचल डोंडी सहित गांवो के चौक चौराहे गली मोहल्ले मे तिरंगा झंडा फहराकर, हर्षौल्लास के साथ झंडा त्यौहार मनाया गया। जनपद पंचायत डोडी में सुबह 7:30 बजे अध्यक्ष मुकेश कौडों किया गया जिसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रगान किया गया इसके बाद जनपद पंचायत के सीईओ डीडी मंडले ने आजादी के संघर्ष के और उसके महत्व पर प्रकाश डाला पश्चात मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन अध्यक्ष के। द्वारा किया गया अंत में उपस्थित सभी लोगों को मिठाई बांटी गई। जनपद पंचायत के कार्यक्रम में उपाध्यक्ष भोलाराम, नेता जनपद सदस्य पुनीत राम सेन, शिवप्रसाद बरला, शिवगिरी, चुरेन्द्र, तुलेश्वर, हिचामी, रत्ना हिरवानी, साधना सोरी, एसडीओ जेपी चंद्राकर, मनरेगा अधिकारी नीरज वर्मा के साथ अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। नगर पंचायत कार्यालय डोडी में अध्यक्ष मोहनतीन चोरका के

द्वारा तिरंगा फहराया गया इसके इसके अलावा डोडी नगर के शहीद स्मारक गांधी चौक और खेल मैदान में लहराया गया। नगर के सभी शासकीय तथा अर्द्ध सरकारी कार्यालयों मे भी संस्था प्रधानों के द्वारा झंडा रोहण किया गया तहसील आफिस बिजली आफिस आईटीआई रेंज आफिस बीइओ आफिस सिंचाई विभाग स्वास्थ्य विभाग पुलिस थाना मे भी ध्वजारोहण किया गया महिला एवं बाल विकास आफिस डोंडी में प्रातः 7.30को तिरंगा फहराया गया। सुपरवाइजर स्टाफ ने देश भक्ति गीत चित्ररेखा रजक, सत्यवती चंद्राकर, कविता रेखा कौशल ने प्रस्तुत किया और सभी ने वीर शहीदों का स्मरण कर उन्हें याद कर उनकी शहादत को सलाम कर मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता प्रकट किया गया। सुपरवाइजर पुष्पा साहू, चित्ररेखा रजक, रेखा कौशल, हीरो साहू, माया साहू एवं स्टाफ से कार्यालय सहायक ग्रेड 1 गीता नाग , ऑपरेटर महतारी वंदन उमा पटेल, कार्यालयऑपरेटर देवलाल यादव, भृत्य सुनील गौर, वाहन चालक मुकेश ठाकुर उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

बालोद। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश ने प्रातः 08 बजे संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने स्वाधीनता की लड़ाई में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले महान देशभक्तों, क्रांतिकारियों एवं वीर सपूतों के योगदानों का स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि हमारे सभी अधिकारी–कर्मचारियों ने शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए उनका लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों तक पहुँचाकर मातृभूमि एवं बालोद जिले के मिट्टी के कर्ज को अदा करने का कार्य कर रहे हैं। कलेक्टर मिश्रा ने कलेक्टोरेट परिसर में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर राष्ट्र निर्माण एवं देश की आजादी के लिए किए गए उनके अथक प्रयासों के प्रति — तज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने कहा हमारे राष्ट्र निर्माताओं, महान देशभक्तों एवं अमर शहीद के आदर्शों को आत्मसात कर अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करते हुए बालोद जिले को प्रत्येक क्षेत्रें में अग्रणी बनाने की अपील की। इस मौके पर महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र गोपाल राव एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अमित सिन्हा ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत की प्रस्तुति से सभी को भाव–विभोर कर दिया।

सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने किया ध्वजारोहण

जामगांव आर। ग्राम पंचायत जामगांव आर में सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने ध्वजारोहण किया, तत्पश्चात नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए अतीत और वर्तमान पर प्रकाश डाले। इस अवसर पर पूर्व सरपंच कन्हैयालाल साहू, पूर्व सरपंच राजकुमार ठाकुर, उपसरपंच मुकेश साहू सहित नागरिक उपस्थित थे।

उपसरपंच मुकेश साहू ने किया ध्वजारोहण

जामगांव आर। किसान चौक जामगांव आर में उप सरपंच मुकेश पीतांबर साहू ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सरपंच रूपेंद्र शुक्ला सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

कुम्हली में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

जामगांव आर। शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला कुम्हली में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। प्राथमिक हेडमास्टर छन्नूलाल साहू ने बताया कि शिक्षक एवं बच्चो ने तिरंगा आकार का मानव श्रृंखला बनाया तथा प्राणों की बाजी लगाकर देश को स्वतंत्रता प्रदान करने वाले देश भक्तों पर कृतज्ञता प्रगट करते हुए नमन किया।

भाजपा महिला मंडल महामंत्री नंदनी ने किया ध्वजारोहण

जामगांव आर। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में भारतीय जनता पाटएँ जामगांव आर महिला मंडल महामंत्री नंदनी साहू ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर डॉ एनके चन्द्रवंशी, डॉ केएस देवांगन, डॉ गुलाब सिंह साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता कामता प्रसाद साहू, कोषाध्य बसंत राव शिन्दे, व्यवस्थापक एके जैन, शिक्षा विद देवनारायण साहू, माहेश्वरी समाज वरिष्ठ मीठालाल केला, भाजपा नेत्री शैलेंद्री मंडावी, युवा गायक सौरभ राठी, कंप्यूटर साइंस एक्सपर्ट तामेश्वर साहू, अधिवक्ता सुनील साहू, सुरपा युवा संगठन अध्यक्ष नरेंद्र धरमगुड़ी, नारायणी राठी, फल सप्लायर साहू सहित स्टॉफ उपस्थित थे।

जिले में निकली तिरंगा रैली, कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रदेश के स्कूली शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व बालोद जिला प्रशासन द्वारा आयोजित विशाल तिरंगा रैली में जिले के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ शामिल हुए।

जिला मुख्यालय बालोद के नगर पालिका कार्यालय परिसर से प्रारंभ हुए इस तिरंगा रैली में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चैधरी, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख सहित कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारियों के अलावा छात्र–छात्रएं, बच्चे, युवा, स्वच्छता दीदियों एवं आम नागरिकों सहित समाज के सभी वर्ग के लोगों ने पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ इस तिरंगा रैली में भाग लिया। इस विशाल तिरंगा रैली में समाज के सभी वगोंर् के लोगों के सक्रिय सहभागिता से आज संपूर्ण बालोद शहर देशभक्ति के रंग से सराबोर हो गया था। उल्लेखनीय है कि तिरंगा रैली नगर पालिका कार्यालय परिसर से प्रारंभ होकर घड़ी चैक, अंबेडकर चैक होते हुए जय स्तंभ चैक में समाप्त हुआ। इस अवसर पर तिरंगा रैली में विभाजन के विभीषिका से पीड़ित लोगों की स्मृति में कैण्डल मार्च का भी आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव एवं अतिथियों के द्वारा घड़ी चैके में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं अंबेडकर चैके में स्थित संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर तथा जय स्तंभ चैक में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, राकेश यादव छोटू एवं जनप्रतिनिधियों के अलावा अन्य अधिकारी–कर्मचारी तथा आम नागरिक इस तिरंगा रैली में उपस्थित थे।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

बालोद। जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने आज पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने वाले जिले के अधिकारी–कर्मचारियों को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि यादव एवं अतिथि के द्वारा छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 14वीं वाहिनी के सेनानी धनोरा मोनिका ठाकुर, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष, एसडीएम डौण्डीलोहारा शिवनाथ बघेल, जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर, तहसीलदार बालोद संध्यानामदेव, तहसीलदार डौण्डी देवेन्द्र नेताम सहित जिले के अनेक अधिकारी–कर्मचारियों को उनके विशिष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ◆ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ◆ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ◆ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ◆ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ◆ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगो का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
अब मोतिया-बिन्द की सर्जरी से डरना छोड़िए!
अनुभवी फेको सर्जन | बिना इंजेक्शन | बिना टांके | बिना पट्टी
MICS तकनीक से सुरक्षित एवं आरामदायक सर्जरी
तेज रिकवरी, तुरंत घर वापसी कम समय में सर्जरी
प्रीमियम MULTIFOCAL / EDOF लैंस उपलब्ध
बिना इंजेक्शन के आई ड्रॉप से सर्जरी
फिर से साफ दिखेगा परिवार का हर मुस्कुराता चेहरा
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
(MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE, AAO MEMBER)
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

ममता निषाद और कमलेश पांडे ने किया ध्वजारोहण

गुण्डरदेही। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गुण्डरदेही में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। जिसमें शाला विकास समिति शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुण्डरदेही के अध्यक्ष ममता निषाद और स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गुण्डरदेही के अध्यक्ष कमलेश पांडे ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किए। कार्यक्रम में नगर पंचायत गुण्डरदेही के उपाध्यक्ष विजय सोनकर, पूर्व सेजेश अध्यक्ष लालवीर राजपूत, शाला विकास समिति के उपाध्यक्ष मोहित सिंन्हा, सेजेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण सोनकर, सदस्य रामेश्वरी सोनकर, सदस्य सोनी, प्राचार्य सेजेश त्रिनाभ मिश्रा, प्राचार्य गुण्डरदेही केएस कुल्हारे, प्रधान पाठिका गीतांजलि चंद्राकर, कार्यक्रम अधिकारी संजय शुक्ला, वरिष्ठ व्याख्याता महेंद्र चेलक, केके हिरवानी, रेडक्रास प्रभारी एम चंद्राकर, एनसीसी प्रभारी केके कोशिमा, सांस्कृतिक प्रभारी रीता चंद्राकर, किरण देवांगन सहित संस्था के सभी व्याख्याता शिक्षक कर्मचारी लिपिक विद्याथएँ उपस्थित रहे और वन्देमातरम और राष्ट्र गान का सामूहिक गान कर देशभक्ति की भावना अपने मन में जागृत कर एक जागरूक भारतीय का परिचय दिए।

ब्राह्मण समाज ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

दल्लीराजहरा। लौह अयस्क नगरी दल्लीराजहरा में 80वें स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व ब्राह्मण समाज द्वारा हर्षोल्लास, उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। बीएसपी टाउनशिप के श्रमवीर चौक के समीप वार्ड क्रमांक 22 स्थित ब्राह्मण समाज भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन, बच्चे और वार्डवासी शामिल हुए। शनिवार 15 अगस्त को सुबह 9.15 बजे ब्राह्मण समाज भवन परिसर में अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने पूरे सम्मान और गरिमापूर्ण वातावरण में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रगान गाकर देश की एकता, अखंडता और गौरव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस दौरान पूरा परिसर देशभक्ति के उत्साह से गूंज उठा। कार्यक्रम में स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर चर्चा करते हुए देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सपूतों को स्मरण किया गया। उपस्थित लोगों ने राष्ट्र की प्रगति, सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे को मजबूत बनाने का संकल्प भी लिया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में राजेंद्र तिवारी, आर.के. द्विवेदी, आर.बी. शर्मा, कमल शर्मा, नंद कुमार पाण्डेय, बीके मिश्रा, ममता पाण्डेय, अजीत झा, ऋषिकेश पाण्डेय, आदित्य पाण्डेय (बिट्टू), जोगेंद्र ठाकुर, सुनील कुमार सहित बड़ी संख्या में समाजजन, बच्चे और वार्डवासी उपस्थित रहे। समारोह के अंत में उपस्थित सभी लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। इसके पश्चात बूंदी और सेव का वितरण किया गया। राष्ट्रभक्ति, सामाजिक एकजुटता और उत्साह के वातावरण के बीच स्वतंत्रता दिवस समारोह का समापन हुआ।

स्वतंत्रता दिवस समारोह : विधायक अनिला भेंडिया ने फहराया तिरंगा

सांस्कृतिक स्पर्धाओं में आत्मानंद, आनंद पब्लिक स्कूल रहे अव्वल, भक्ति के गीतों से गूंजा स्टेडियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर में 80वां स्वतंत्रता दिवस स्व. लाल रघुवीर सिंह स्टेडियम में हर्षोल्लास एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मनाया गया। पिछले दो वर्षों से कार्यक्रम नहीं हो पा रहा था लेकिन इस बार नगर के सभी विद्यालयों के छात्र छात्राओं की उपस्थिति में स्वतंत्रता दिवस संयुक्त रुप से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अनिला भेंडिया एवं अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने की।

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने राष्ट्रीय नेताओं एवं भारत माता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात मुख्य अतिथि श्रीमती अनिला भेंडिया के करकमलों से ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान के पश्चात मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष द्वारा शांति के प्रतीक कबूतर उड़ाए गए। कार्यक्रम के प्रारंभ में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने मुख्यमंत्री का संदेश वाचन किया तथा अपनी ओर से सभी नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि अनिला भेंडिया ने देश-प्रदेश के शहीदों एवं वीरांगनाओं को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि वीर शहीदों की कुर्बानियों के कारण ही हमें आजादी मिली है। स्वतंत्रता दिवस केवल राष्ट्रीय पर्व ही नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सद्भावना का संदेश देने वाला

अवसर भी है। उन्होंने नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक देश सेवा के साथ परिवार एवं समाज के कार्यों में भी अपनी सहभागिता निभाए और आजादी के संकल्पों को पूरा करने में योगदान दे। इसके पश्चात विद्यालयीन विद्यार्थियों ने देशभक्ति एवं छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों में देशभक्ति का जोश भर दिया।

अधिकारी व जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में आनंद पब्लिक स्कूल ने प्रथम, प्राथमिक शाला ने द्वितीय तथा ज्ञानदीप एजुकेशन एकेडमी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हायर सेकेंडरी ने प्रथम, प्रगति विद्यालय ने द्वितीय तथा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता संस्थाओं को विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कांति सोनबरसा अध्यक्ष जनपद पंचायत, श्रीमती नेहा उपाध्याय उपाध्यक्ष नगर पंचायत, देवेंद्र जायसवाल, होरीलाल रावटे, राजू प्रभाकर, भोलाराम देशमुख, हस्तीमल सांखला, अनिल लोढ़ा सहित समस्त पार्षदगण एवं एल्डरमेन मंचस्थ रहे।कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत अनुविभागीय अधिकारी शिवनाथ बघेल, तहसीलदार हिंसाराम नायक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी बंजारा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी भूषण साहू, नगर पंचायत सीएमओ, एबीईओ अश्वन साहू, प्राचार्य वीरेन्द्र कुमार भंडारी, जितेन्द्र देशमुख सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन ललित सिंह गौर एवं सुश्री एनुका शार्वा ने किया। अंत में समस्त अतिथियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बंजारा ने व्यक्त किया। समारोह में बड़ी संख्या में नागरिक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

तहसील साहू सदन में किया गया ध्वजारोहण

गुण्डरदेही। तहसील साहू सदन गुण्डरदेही में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तहसील अध्यक्ष डॉ. मानसिंग सार्वा, उपाध्यक्ष, महिला संयोजक, न्याय प्रकोष्ठ संयोजक, परिक्षेत्रीय अध्यक्षगण, एवं गुण्डरदेही नगर के नागरिकों की उपस्थिति में ध्वजारोहण का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया।

ग्रामीण बैंक में प्रबंधक ने किया ध्वजारोहण

जामगांव आर। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक जामगांव आर में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर के विद्यार्थियों ने ध्वजारोहण संपन्न कराया। शाखा प्रबंधक प्रदीपकुमार गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम का प्रबंधन महेंद्र ने किया।

टीआई मोहम्मद तारिक हरीश ने किया ध्वजारोहण

जामगांव आर। आरक्षी केंद्र जामगांव आर में थानेदार मोहम्मद तारिक हरीश ने ध्वजारोहण सशिम जामगांव आर बच्चो की उपस्थिति में किए।थाना एवं विद्यालय स्टॉफ विशेष तौर पर उपस्थित थे।

राजीव भवन में जिलाध्यक्ष चंद्रेश ने किया ध्वजारोहण

बालोद। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजीव भवन बालोद में ध्वजारोहण किया एवं छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के संदेश का वाचन किया। जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने देश की आजादी के आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई है और स्वतंत्रता दिवस हमें उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की याद दिलाता है जिन्होंने देश को आजाद कराने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। हिरवानी ने कहा कि कांग्रेस पाटएँ केवल आजादी के इतिहास की वाहक नहीं है, बल्कि देश के लोकतंत्र, संविधान, सामाजिक न्याय और विकास की विचारधारा की भी प्रमुख संरक्षक रही है। ध्वजारोहण के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कृष्णा दुबे, प्रदेश प्रतिनिधि संजय चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष रामजी भाई पटेल, महामंत्री धीरज उपाध्याय, शंभू साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अंचल प्रकाश साहू, नरेंद्र सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष अनिल यादव, प्यारेलाल केशरिया, कमलेश श्रीवास्तव, चंद्रिका देशमुख, जिला पंचायत सदस्य मिथलेश निरोटी, पार्षद विनोद बंटी शर्मा, निर्देश पटेल, रविप्रकाश यादव, हंसमुख टुवानी, दाऊद खान, प्रमोद दुबे, कमल टुवानी, कमल निषाद, मुरलीधर भूआर्य, मनोज ठाकुर, अवधेश सिंह, इंद्रकुमार यादव, उदय राम अलेंद्र, सुनील मंडावी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

सिविल कोर्ट परिसर में जज प्रशांत कुमार ने किया ध्वजारोहण

गुण्डरदेही। सिविल कोर्ट परिसर गुण्डरदेही में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विनय कुमार बंजारे के नेतृत्व मे स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। जहां कार्यक्रम मे मुख्य रूप से व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी प्रशांत कुमार देवांगन द्वारा ध्वजारोहण कर सलामी ली गई।

इस दौरान न्यायालय परिसर में अन्य अधिवक्ताओ ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम पश्चात मिष्ठान वितरण किया गया।

कोर्ट परिसर मे आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम मे सभी अधिवक्ता गण शामिल हुए जिसके लिए अध्यक्ष विनय कुमार बंजारे ने सभी का आभार माना। कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विनय कुमार बंजारे संरक्षक रियाज खान, वरिष्ठ अधिवक्ता टीकम साहू, बाबूलाल सिन्हा, राजेश सोनी, हरिशंकर सिन्हा, टूमन लाल साहू, लक्ष्मण नायक, सौरभ साहू, गौरी मारकंडे, देवेंद्र चंद्राकर, पेमन साहू, गुलशन, रवि तिवारी, छबिलाल बंजारे, दुलेश्वर कुंभकार, चन्द्रभान निषाद सहित अन्य अधिवक्तागण व समस्त न्यायालय कर्मचारी उपस्थित थे।

सुनील चंद्राकर ने फहराया तिरंगा

जामगांव आर। आंगनबाड़ी क्रमांक 5 में पंच सुनील चंद्राकर ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर बच्चो के साथ पालक व ग्रामीण उपस्थित थे।

खुंदनी में देशभक्ति के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

गुरूर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर और संत कबीर ज्ञान मंदिर खुंदनी में देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ तिरंगा फहराया गया। दोनों विद्यालयों के बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों ने एक साथ मिलकर स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को नमन किया। स्वतंत्रता दिवस के लिए बच्चों सुबह पांच बजे बैंड बाजे के साथ उठो सोने वालों सबेरा हो गया है गीत गाते हुए प्रभात फेरी निकाली और लोगों को देश के लिए जागने के लिए संदेश दिया। विद्यालय परिसर में कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई।

सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यालय के प्रधानाचार्य ऊर्मिला नेताम ने तिरंगा फहराया और राष्ट्रगान गाया गया। इसके बाद संत कबीर ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम खुंदनी के सज्जन एवं समाज सेवी उमेंद साहू के द्वारा ध्वजारोहण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रभातफेरी दुर्गा चौक और सुभाषचंद्र बोस चौक में ध्वजारोहण करते हुए गांव के हृदय स्थल में पहुंचा। जहां ग्राम विकास समिति का उपाध्यक्ष बिरेन्द्र सोनभद्र, आंगन बाड़ी का कार्यकर्ता आनंदेश्वरी गुरूपंच, कर्मचारी संगठन का भूतपुर्व सरपंच गणेश नेताम, सुरक्षा समिति केसू साहू और साहू समाज का उपाध्यक्ष श्रवण महंत ने ध्वजारोहण किया। गोदावरी साहू विशेष अतिथि टोकेश्वरी साहू और हेमा साहू ने दीपमंत्र के साथ दीप प्रज्वलित करके किया।

बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण और नाटिकाओं के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास को जीवंत किया। पीयुष और उसके साथियों ने सुभाषचंद्र बोस जैसे देश भक्त का अभिनय किया। देश की वीरागंना झलकारी बाई के रुप मे वान्या सोनभद्र ने प्रस्तुती दिया। भारत माता की वेषभूषा मे देविका और छोटे–छोटे बच्चों ने तिरंगा, शहीद भगत सिंह, रानी लक्ष्मीबाई और महात्मा गांधी की वेशभूषा में प्रस्तुति दिया। सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य ने कहा कि आजादी हमें विरासत में मिली है, इसे बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। बच्चों में संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम के भाव जगाना ही हमारी शिक्षा का उद्देश्य है।

जिले में स्वतंत्रता दिवस पर साइबर जागृति अभियान की शुरुआत: शिक्षा मंत्री व कलेक्टर ने ली सेल्फी

बालोद। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम बालोद में मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन गजेन्द्र यादव द्वारा ध्वजारोहण किया गया। छत्तीसगढ़ पुलिस के साइबर जागृति अभियान के तहत शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव एवं कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने सेल्फी लेकर साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

स्टेडियम में उपस्थित करीब 1000 लोगों सहित प्रदेशवासियों से साइबर जागरूकता की सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने एवं साइबर अपराधों से सतर्क रहने अपील की। जिला बालोद पुलिस द्वारा साइबर जागृति अभियान को जन–जन तक पहुंचाने के लिए 15 अगस्त से 02 अक्टूबर 2026 तक 07 सप्ताह में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम किए आयोजित जाएंगे। छत्तीसगढ़ पुलिस के साइबर जागृति अभियान के अंतर्गत साइबर अपराधों से बचाव एवं आमजन को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक करने के

उद्देश्य से विशेष जागरूकता संदेश दिया गया। इसी क्रम में शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव द्वारा साइबर जागरूकता की सेल्फी लेकर साइबर अपराधों के प्रति सतर्क एवं जागरूक रहने का संदेश दिया गया। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा द्वारा भी साइबर जागरूकता की सेल्फी लेकर अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट की गई तथा आमजन से साइबर अपराधों के प्रति जागरूक एवं सतर्क रहने की अपील की गई। पुलिस अधीक्षक बालोद किरण गंगाराम चव्हाण द्वारा भी जिलेवासियों से अपील की गई कि साइबर अपराधों से बचाव के लिए स्वयं जागरूक रहें और अपने परिवार, मित्रें एवं आस पास के लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान कॉल, संदिग्ध लिंक, ओटीपी, पिन, पासवर्ड अथवा बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करें तथा साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

क्यूआर कोड और सोशल मीडिया से होगा व्यापक प्रचार

मंत्री एवं कलेक्टर द्वारा स्टेडियम में उपस्थित करीब 1000 लोगों सहित प्रदेशवासियों से अपील की गई कि वे भी साइबर जागरूकता की सेल्फी लेकर अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करें तथा साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने में सहभागी बनें। सात सप्ताह में अलग-अलग विषयों पर जागृति अभियान चलाई जाएगी जिसके तहत पहले सप्ताह स्कूल एवं कॉलेजों में डिजिटल सतर्कता और बुनियादी साइबर सुरक्षा। दूसरे सप्ताह बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थानों में वित्तीय धोखाधड़ी एवं यूपीआई सुरक्षा। तीसरे सप्ताह वरिष्ठ नागरिकों के लिए डिजिटल अरेस्ट एवं फजएँ कॉल पर टाउन हॉल। चौथे सप्ताह महिला कॉलेजों एवं सामुदायिक समूहों में स्मार्टफोन प्राइवेसी एवं सुरक्षित ब्राउजिंग। पांचवे सप्ताह रोजगार कार्यालय, प्ट्ज एवं कौशल विकास केंद्रों में जॉब फ्रॉड एवं फिशिंग से बचाव। छठवे सप्ताह डेटा प्राइवेसी एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग पर जागरूकता। सातवे सप्ताह ग्राम पंचायतों एवं निकायों में गांधी जयंती के अवसर पर "साइबर मुक्त छत्तीसगढ़" संकल्प अभियान चलाया जाएगा।

कालसर्प दोष शांति पूजन 19 अगस्त को

धमतरी। विप्र विद्वत परिषद के तत्वावधान में अनुसार इस वर्ष भी रूद्रेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण रूद्री में 19 अगस्त को कालसर्प दोष शांति पूजन अनुष्ठान किया जायेगा। परिषद अध्यक्ष के अध्यक्ष पंडित बालेन्द पाण्डेय ने बताया कि ज्योतिष शास्त्र के अनुसार नागों की विशेष पूजा से दोष से मुक्ति पाई जा सकती है। मीडिया प्रभारी पंडित राजकुमार तिवारी ने बताया कि गणेश मंदिर मठ मंदिर चौक में शीघ्र पंजीयन करा सकते हैं। पूजा सुबह 9:30 बजे प्रारंभ होगी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

देश की एकता, अखंडता और स्वाभिमान का प्रतीक

स्वतंत्रता दिवस पर गुण्डरदेही में प्रमोद जैन ने फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

देश की आजादी के 80वें वर्ष के अवसर पर 15 अगस्त को नगर पंचायत गुण्डरदेही में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन पुराना हाई स्कूल मैदान बैडमिंटन हॉल में किया गया, जहां नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन मुख्य अतिथि तथा जनपद पंचायत अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर कार्यक्रम के अध्यक्षता रहे।

समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। उन्होंने अपने संबोधन में स्वतंत्रता

संग्राम के वीर सपूतों को नमन करते हुए कहा कि आज का दिन हमें उनके त्याग, बलिदान और संघर्ष को स्मरण करने के साथ राष्ट्र निर्माण का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है। हमारा तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और स्वाभिमान का प्रतीक है।

अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के संकल्प के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। गरीबों के आवास, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन, जनधन योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। वहीं छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में किसानों, महिलाओं, युवाओं, गरीबों तथा शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। समारोह में स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। वहीं विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय, धमतरी चौक, बस स्टैंड, पुराना नगर पंचायत कार्यालय, भाजपा कार्यालय एवं बैडमिंटन हॉल ग्राउंड में ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा, विजय सोनकर, समाजसेवी जसवंत सिन्हा, रानू हेमंत सोनकर, कोमल सोनकर केके.राजू चंद्राकर पार्षदगण तथा एल्डरमेन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।